रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD
सीईएन ०२/२०२६ - तकनीशियन ग्रेड। सिगनल और तकनीशियन ग्रेड III
CEN 02/2026 - Technician Grade I Signal and Technician Grade III

Test Date	07/10/2026
Test Time	9:00 AM - 10:30 AM
Subject	RRB Technician Grade III

*** Note**
Correct Answer will carry 1 mark per Question.
Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.

1. Options shown in green color with a tick icon are correct.
2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.

Section : **Mathematics**

Q.1 निक और स्टीफन की वर्तमान आयु का योगफल 56 वर्ष है। चार वर्ष पहले, स्टीफन की आयु उस समय निक की आयु की आधी थी। निक की वर्तमान आयु (वर्षों में) कितनी है?

Ans A). 42 B). 26 C). 36 D). 31

Correct Answer: C

Q.2 किसी वस्तु को ₹113 में बेचने पर एक व्यक्ति को 30% की हानि होती है। 40% का लाभ प्राप्त करने के लिए उसे वस्तु को किस मूल्य (₹ में) पर बेचना चाहिए?

Ans A). ₹226 B). ₹246 C). ₹216 D). ₹236

Correct Answer: A

Q.3 एक बेलन का आयतन 3080 cm^3 है और इसके आधार की त्रिज्या 7 cm है। बेलन का वक्र पृष्ठीय क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।
($\pi = \frac{22}{7}$ का उपयोग कीजिए।)

Ans A). 880 cm^2 B). 860 cm^2 C). 840 cm^2 D). 900 cm^2

Correct Answer: A

Q.4 यदि किसी वर्ग की भुजा (11x − 9) cm है, तो वर्ग का क्षेत्रफल (cm^2 में) ज्ञात कीजिए।

Ans A). $121x^2 - 99x - 81$ B). $121x^2 - 198x + 81$ C). $121x^2 + 99x - 81$ D). $121x^2 + 99x + 81$

Correct Answer: B

Q.5 एक वस्तु को 20% लाभ पर बेचा जाता है। इसका विक्रय मूल्य ₹40 कम कर देने पर विक्रेता को 10% की हानि होती है। वस्तु का क्रय मूल्य (दशमलव के 2 स्थानों तक पूर्णांकित) ज्ञात कीजिए।

Ans A). ₹124.63 B). ₹133.33 C). ₹100.24 D). ₹80.44

Correct Answer: B

Q.6 2655 m के एक वृत्तीय पथ पर, आफिया और सुष्मिता एक ही बिंदु से विपरीत दिशाओं में क्रमशः 4.6 m/s और X m/s की चाल से चलना प्रारंभ करती हैं। वे 177 सेकंड के बाद पहली बार मिलेंगी। X का मान ज्ञात कीजिए।

Ans A). 10.7 B). 17.9 C). 10.4 D). 18.3

Correct Answer: C

Q.7 एक दुकानदार किसी वस्तु के अंकित मूल्य पर 15% और y% की दो क्रमिक छूट प्रदान करता है। यदि अंतिम विक्रय मूल्य, अंकित मूल्य का 68% है, तो y का मान कितना होगा?

Ans A). 25 B). 15 C). 10 D). 20

Correct Answer: D

Q.8 मार्च महीने में शनिवार और रविवार को छोड़कर, एक डीलर द्वारा प्रतिदिन बेची गई कारों की औसत संख्या 168 है। रविवार को प्रतिदिन बेची गई कारों की औसत संख्या 119 है। यदि पहला शनिवार 3 मार्च को आता है और पूरे महीने के दौरान प्रतिदिन बेची गई कारों की औसत संख्या 177 है, तो शनिवार को प्रतिदिन बेची गई कारों की औसत संख्या कितनी होगी?

Ans A). 261 B). 263 C). 260 D). 262

Correct Answer: B

Q.9 यदि $\frac{x}{y} = \frac{b+3}{b-3}$ है, तो $\frac{x^2+y^2}{x^2-y^2}$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans A). $\frac{b^2+9}{6b}$ B). $\frac{6b}{b^2+9}$ C). $\frac{12b}{b^2+9}$ D). $\frac{b^2+9}{12b}$

Correct Answer: A

Q.10 तीन भागीदार एक AI एनालिटिक्स फर्म में 8 : 11 : 13 के अनुपात में निवेश करते हैं। 6 महीने बाद, दूसरा भागीदार अपना निवेश 25% बढ़ा देता है, जबकि पहला भागीदार अपना निवेश 20% कम कर देता है। यदि 12 महीने बाद कुल लाभ ₹9,24,000 है, तो तीसरे भागीदार का हिस्सा (₹ में, निकटतम पूर्णांक तक पूर्णांकित) ज्ञात कीजिए।

Ans A). 3,36,000 B). 3,68,749 C). 3,90,125 D). 3,52,000

Correct Answer: B

Q.11 $(4K^2-3)$ का वह न्यूनतम मान ज्ञात कीजिए, जिसके लिए छह अंकों की संख्या 8768K6, 4 से विभाज्य होनी चाहिए।

Ans A). 1 B). 24 C). 33 D). 13

Correct Answer: A

Q.12 किसी चतुर्भुज $PQRS$ में, $\angle P = (4x+8)^\circ$, $\angle Q = (3x+2)^\circ$, $\angle R = 75^\circ$ और $\angle S = (x-5)^\circ$ है। चतुर्भुज का सबसे छोटा कोण ज्ञात कीजिए।

Ans A). 35° B). 30° C). 25° D). 40°

Correct Answer: B

Q.13 पाइप M किसी टैंक को 6 घंटे में भर सकता है और पाइप N उसी टैंक को 12 घंटे में भर सकता है। यदि दोनों पाइपों को एक साथ खोल दिया जाए, तो 3.5 घंटे में टैंक का कितना भाग भर जाएगा?

Ans A). $\frac{1}{8}$ B). $\frac{7}{8}$ C). $\frac{3}{4}$ D). $\frac{1}{6}$

Correct Answer: B

Q.14 एक व्यक्ति अपनी सामान्य चाल के 5/6 भाग से चलता है और उसे अपने गंतव्य पर पहुंचने में 10 मिनट का विलंब होता है। सामान्यतः उसके द्वारा लिया जाने वाला समय (मिनट में) ज्ञात कीजिए।

Ans A). 70 B). 50 C). 60 D). 40

Correct Answer: B

Q.15 9 विद्यार्थियों के अंक निम्नलिखित हैं:
16, 20, 24, 27, 31, 36, 39, 42, 48
यदि 48 अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी के अंकों को 52 से बदल दिया जाए, तो नई माध्यिका का मान कितना होगा?

Ans A). 30 B). 28 C). 29 D). 31

Correct Answer: D

Q.16 यदि
$(\cos\theta + \sin\theta) : (\cos\theta - \sin\theta) = (\sqrt{3}+1) : (\sqrt{3}-1)$, $0^\circ < \theta < 90^\circ$
हो, तो $\frac{\tan(\theta+30^\circ)}{\sec(\theta-30^\circ)}$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans A). $\sqrt{3}$ B). $\frac{\sqrt{3}}{3}$ C). 1 D). $\frac{\sqrt{3}}{2}$

Correct Answer: A

Q.17 102 विद्यार्थियों के एक विद्यालय में बालकों और बालिकाओं की संख्या का अनुपात 9:8 है। बालकों और बालिकाओं का अनुपात 1:2 करने के लिए कितनी और बालिकाओं को प्रवेश दिया जाना चाहिए?

Ans A). 60 B). 48 C). 54 D). 62

Correct Answer: A

Q.18 रुचि ने एक निश्चित धनराशि अर्धवार्षिक रूप से चक्रवृद्धित होने वाली 32% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज दर पर 1 वर्ष और 6 माह की अवधि के लिए निवेश की। यदि इस अवधि के अंत में रुचि को प्राप्त कुल धनराशि ₹48,778 थी, तो प्रारंभिक निवेश (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans A). 31,000 B). 30,000 C). 30,250 D). 31,250

Correct Answer: D

Q.19 किसी मूलधन को एक निश्चित वार्षिक ब्याज दर पर 3 वर्षों के लिए निवेश किया जाता है, जहां ब्याज वार्षिक रूप से संयोजित होता है। (चक्रवृद्धि ब्याज - साधारण ब्याज) और साधारण ब्याज का अनुपात 7:12 है। वार्षिक ब्याज दर ज्ञात कीजिए।

Ans A). 50% B). 40% C). 30% D). 60%

Correct Answer: A

Q.20 एक टंकी में दो प्रवेश पाइप- C और D, तथा एक निकास पाइप E है। C टंकी को 10 घंटे में भरती है, D टंकी को 15 घंटे में भरती है, और E टंकी को 30 घंटे में खाली करती है। यदि सभी पाइपों को एक साथ खोल दिया जाए, तो टंकी को पूर्ण रूप से भरने में कितना समय लगेगा?

Ans A). 7.5 घंटे B). 9.5 घंटे C). 8.5 घंटे D). 5.5 घंटे

Correct Answer: A

Q.21 मान लीजिए कि p, 3 से बड़ी एक अभाज्य संख्या है। निम्नलिखित में से कौन-सा व्यंजक सदैव 24 से विभाज्य है और अनिवार्य रूप से 48 से विभाज्य है?

Ans A). $p^4 - 1$ B). $p^2 - p$ C). $p^2 - 1$ D). $p^2 + 1$

Correct Answer: A

Q.22 केंद्र O वाले एक वृत्त के बाह्य बिंदु P से दो स्पर्श रेखाएं PA और PB खींची गई हैं। बिंदु P से होकर जाने वाली एक छेदक रेखा वृत्त को बिंदुओं C और D पर इस प्रकार काटती है कि PC = 4 cm और PD = 8 cm है। यदि वृत्त की त्रिज्या 6 cm है, तो स्पर्श रेखा PA की लंबाई ज्ञात कीजिए।

Ans A). $4\sqrt{3}$ cm B). $\sqrt{2}$ cm C). $2\sqrt{2}$ cm D). $4\sqrt{2}$ cm

Correct Answer: D

Q.23 एक व्यक्ति, ₹57500 की धनराशि को 12% वार्षिक साधारण ब्याज दर पर 3 वर्ष के लिए निवेश करता है। 3 वर्ष पश्चात उसे प्राप्त होने वाला मिश्रधन (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans A). 79200 B). 78200 C). 20700 D). 21700

Correct Answer: B

Q.24 यदि k का 20%, 10 के 1800% से 10 कम है, तो k का मान ज्ञात कीजिए।

Ans A). 850 B). 890 C). 810 D). 830

Correct Answer: A

Q.25 आरोही क्रम में व्यवस्थित 15 प्रेक्षणों का एक आंकड़ा समुच्चय निम्न प्रकार है:
9, 11, 13, 15, 17, 19, 21, 23, z, 27, 29, 31, 33, 35, 37
23 अद्वितीय बहुलक है। यदि z एक पूर्णांक है, तो z का मान ज्ञात कीजिए।

Ans A). 21 B). 27 C). 23 D). 25

Correct Answer: C

Section : **General Intelligence and Reasoning**

Q.26 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार में से तीन किसी निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा विकल्प, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans A). LNR B). NPV C). TVZ D). JLP

Correct Answer: B

Q.27 यदि MAJORITY शब्द के प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के अनुसार व्यवस्थित कर दिया जाता है, तो कितने अक्षरों का स्थान अपरिवर्तित रहेगा?

Ans A). 1 B). 3 C). 2 D). 4

Correct Answer: B

Q.28 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, उसमें व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans A). HG–BD B). ML–HG C). KJ–FE D). BA–WV

Correct Answer: A

Q.29 निम्नलिखित अक्षर शृंखला का संदर्भ लीजिए तथा नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) W O N F H G U K M T G B E I C X D F H G U K T V U A (दाएं)

ऐसे कितने व्यंजन हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक स्वर है और ठीक बाद में भी एक स्वर है?

Ans A). एक B). एक भी नहीं C). दो D). तीन

Correct Answer: B

Q.30 इस प्रश्न में, संख्या/प्रतीक के एक समूह को नीचे दिए गए कूट और उसके बाद आने वाली शर्तों का अनुसरण करके अक्षर कूटों का उपयोग करके कूटबद्ध किया जाता है। शर्तों का अनुसरण करने वाला कूटों का सही संयोजन आपका उत्तर है। यदि किसी भी शर्त का अनुसरण नहीं होता है, तो संबंधित संख्या/प्रतीक के लिए कूट का सीधे उसी प्रकार अनुसरण किया जाना चाहिए जैसा कि तालिका में दिया गया है।

संख्या/प्रतीक 3 @ 8 # 1 % 6 & 9 $ 2 + 5 7

कूट K F A M H P B T W R D U L Q

शर्तें –
(i) यदि पहला, तीसरा और पाँचवाँ अवयव तीनों विषम संख्याएँ हैं, तो तीसरे अवयव को © के रूप में कूटबद्ध करें।
(ii) यदि दूसरा और चौथा अवयव सम संख्याएँ हैं, तो चौथे अवयव को दूसरे अवयव के कूट के रूप में कूटबद्ध करें।
(iii) यदि पहला अवयव एक प्रतीक है, तो अंतिम अवयव को © के रूप में कूटबद्ध करें।

संख्याओं के निम्नलिखित समूह के लिए कूट क्या है?
58723

Ans A). LA©AK B). LA©DK C). LAQD© D). LAQDK

Correct Answer: A

Q.31 यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ '×' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '−' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?
28 A 36 B 27 C 32 D 44 = ?

Ans A). 7 B). 9 C). 5 D). 8

Correct Answer: B

Q.32 शब्द MEDICAL के प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेज़ी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक पहले आने वाले अक्षर से बदल दिया जाता है और स्वर अपरिवर्तित रहते हैं। यदि इस प्रकार प्राप्त सभी अक्षरों को अंग्रेज़ी वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित किया जाए, तो दाईं ओर से पाँचवें स्थान पर कौन-सा अक्षर होगा?

Ans A). C B). I C). E D). B

Correct Answer: A

Q.33 A, B, C, D, E और F एक ही इमारत के छह अलग-अलग तलों पर रहते हैं। इमारत में सबसे नीचे वाले तल का क्रमांक 1 है, उसके ऊपर वाले तल का क्रमांक 2 है और इसी तरह सबसे ऊपर वाले तल का क्रमांक 6 है।
F, एक सम क्रमांक वाले किसी तल पर रहता है लेकिन तल क्रमांक 6 पर नहीं रहता है। D और F के तलों के क्रमांकों का योगफल 7 है। A, E के ठीक ऊपर वाले तल पर रहता है। F और C के तलों के क्रमांकों का योगफल 3 है।
C और E के बीच कितने व्यक्ति रहते हैं?

Ans A). 3 B). 1 C). 2 D). 4

Correct Answer: B

Q.34 दी गई शृंखला में '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए?

32 16 48 24 72 ?

Ans A). 36 B). 22 C). 16 D). 46

Correct Answer: A

Q.35 Ghr बिंदु A से ड्राइव करना प्रारंभ करता है और पश्चिम दिशा की ओर 7 km ड्राइव करता है। इसके बाद वह बाएं मुड़ता है और 4 km ड्राइव करता है, तथा वह फिर दाएं मुड़ता है और 3 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 7 km ड्राइव करता है। अंत में वह दाएं मुड़ता है 10 km ड्राइव करके बिंदु P पर रुक जाता है। पुनः बिंदु A तक पहुंचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में गाड़ी चलानी चाहिए? (जब तक अन्यथा विनिर्दिष्ट न किया गया हो, सभी मोड़ केवल 90-डिग्री के मोड़ हैं)

Ans A). 3 km दक्षिण की ओर B). 5 km उत्तर की ओर C). 2 km पूर्व की ओर D). 6 km पश्चिम की ओर

Correct Answer: A

Q.36 यदि '+' का अर्थ '−' है, '−' का अर्थ '÷' है, '×' का अर्थ '+' है, '÷' का अर्थ '×' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

18 + 8 − 4 ÷ 2 = ?

Ans A). 10 B). 14 C). 12 D). 16

Correct Answer: B

Q.37 एक निश्चित कूट भाषा में, 'WACK' को '3589' के रूप में तथा 'CAKE' को '5138' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। दी गई कूट भाषा में 'E' के लिए कूट क्या होगा?

Ans A). 1 B). 3 C). 8 D). 5

Correct Answer: A

Q.38 उस युग्म का चयन कीजिए जो नीचे दिए गए दो युग्मों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।
BDZ−ACY
RTP−QSO

Ans A). UVQ−SUQ B). UWS−TVR C). UVQ−TVR D). UWS−SVQ

Correct Answer: B

Q.39 एक निश्चित कूट भाषा में, 'nail lamp tea' को 'dy xv tn' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है, और 'tea hall virus' को 'xv tl yk' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई भाषा में 'tea' को किस प्रकार कूटबद्ध किया गया है?

Ans A). dy B). tl C). tn D). xv

Correct Answer: D

Q.40 निम्नलिखित अक्षर शृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।
(बाएं) G V C T H Y B E R K H V E V B M P U F B J I O X (दाएं)
ऐसे कितने स्वर हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक व्यंजन और ठीक बाद एक स्वर है?

Ans A). एक भी नहीं B). एक C). तीन D). दो

Correct Answer: B

Q.41 A, B, C, D, E और F एक ही इमारत के छह अलग-अलग तलों पर रहते हैं। इमारत में सबसे नीचे वाले तल का क्रमांक 1 है, उसके ऊपर वाले तल का क्रमांक 2 है और इसी तरह सबसे ऊपर वाले तल का क्रमांक 6 है।
E, एक सम क्रमांक वाले तल पर रहता है लेकिन तल क्रमांक 6 पर नहीं रहता है। F और E जिन तलों पर रहते हैं उनके तल क्रमांकों का योगफल 7 है। C, D के ठीक ऊपर वाले तल पर रहता है। E और A जिन तलों पर रहते हैं उनके तल क्रमांकों का योगफल 3 है।
D और F जिन तलों पर रहते हैं उनके तल क्रमांकों का योगफल ज्ञात कीजिए।

Ans A). 5 B). 8 C). 7 D). 6

Correct Answer: B

Q.42 यदि ' + ' और ' ÷ ' को परस्पर प्रतिस्थापित कर दिया जाए तथा ' - ' और ' x ' को परस्पर प्रतिस्थापित कर दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में '?' के स्थान पर क्या आएगा?

312 + 6 x 5 - 32 ÷ 300 = ?

Ans A). 192 B). 180 C). 186 D). 179

Correct Answer: A

Q.43 किसी निश्चित तर्क के अनुसार, 23 का संबंध 138 से है। उसी तर्क के अनुसार, 16 का संबंध 96 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, 32 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएं की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए, 13 पर संक्रियाएं जैसे कि 13 में जोड़ना / घटाना / गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

Ans A). 122 B). 154 C). 138 D). 192

Correct Answer: D

Q.44 N, C का भाई है। Q, Z की बहन है। T, Z का पुत्र है। Z, C की पत्नी है। N का Q से क्या संबंध है?

Ans A). पति का भाई B). बहन का पति C). भाई D). बहन के पति का भाई

Correct Answer: D

Q.45 सात व्यक्ति H, L, J, D, E, V और R उत्तर दिशा की ओर अभिमुख होकर एक पंक्ति में बैठे हैं। H के दाईं ओर केवल पांच व्यक्ति बैठे हैं। L और H के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। J और L दोनों का निकटतम पड़ोसी R है। D, V के दाईं ओर बैठा है लेकिन L के बाईं ओर बैठा है। E और D के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans A). चार B). तीन C). दो D). एक

Correct Answer: B

Q.46 उस युग्म का चयन करें जो नीचे दिए गए दो युग्मों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दिए गए दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

KON–PTS
GKJ–LPO

Ans A). YBZ–CGF B). YCB–CHF C). YBZ–DHG D). YCB–DHG

Correct Answer: D

Q.47 इस प्रश्न में, एक प्रश्न के बाद (I) और (II) से क्रमांकित दो कथन दिए गए हैं। आपको यह तय करना होगा कि कथन में दिया गया डेटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है या नहीं। दोनों कथनों का अध्ययन करें और उपयुक्त उत्तर का चयन करें।
5 स्तंभों, B, E, G, O और P में से, प्रत्येक की ऊंचाई भिन्न है, इनमें से सबसे छोटा स्तंभ कौन-सा है?
(I) P केवल दो स्तंभों से ऊंचा है। O, P से ऊंचा है लेकिन G से छोटा है।
(II) B, E से ऊंचा है।

Ans A). कथन II में दिया गया डेटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन I में दिया गया डेटा पर्याप्त नहीं है

B). कथन I और II दोनों एक साथ (और अकेले कथन I या अकेले कथन II नहीं) प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं

C). कथन I में दिया गया डेटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन II में दिया गया डेटा पर्याप्त नहीं है

D). कथन I और II दोनों एक साथ प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं

Correct Answer: B

Q.48 एक प्रश्न के बाद (I) और (II) से क्रमांकित दो कथन दिए गए हैं। आपको यह तय करना है कि कथनों में दिए गए डेटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं या नहीं। दोनों कथनों को पढ़ें और उचित उत्तर तय करें।

प्रश्न:
A, B, C, D और E एक गोल मेज के परित: केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। A के दाईं ओर दूसरे स्थान पर कौन बैठा है?

कथन:
(I) C, E के ठीक बाएं पड़ोस में बैठा है। D, A के ठीक दाएं पड़ोस में बैठा है।
(II) A और B का निकटतम पड़ोसी D है। E, D के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है।

Ans A). कथन II में दिया गया डेटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन I में दिया गया डेटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है।

B). कथन I में दिया गया डेटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन II में दिया गया डेटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है।

C). कथन I और II में दी गई जानकारी एकसाथ प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है। D). कथन I और II में दी गई जानकारी एकसाथ प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है।

Correct Answer: D

Q.49 अंग्रेज़ी वर्णमाला के क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

DGY HKC LOG PSK ?

Ans A). TWO B). TOW C). TER D). TWE

Correct Answer: A

Q.50 दी गई श्रृंखला में '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए?
29, 32, 38, 47, 59 ?

Ans A). 76 B). 74 C). 73 D). 75

Correct Answer: B

Section : **General Science**

Q.51 निम्नलिखित में से कौन-सा संक्षारण से रोकने का एक प्रभावी तरीका है?

Ans A). धातु को केवल उच्च तापमान के संपर्क में लाकर B). धातु पृष्ठ पर प्रबल अम्ल लगाकर C). धातु की सतह को गैल्वनाइजिंग या पेंट करने जैसी विधियों द्वारा D). धातु को जल में घोलकर

Correct Answer: C

Q.52 आयनिक आबंध निर्माण के दौरान मैग्नीशियम, Mg^{+} की अपेक्षा Mg^{2+} आयन क्यों बनाता है?

Ans A). मैग्नीशियम, स्थायी होने के लिए किसी अन्य परमाणु के साथ दो इलेक्ट्रॉनों को साझा करता है। B). मैग्नीशियम आबंधन के दौरान अपना इलेक्ट्रॉनिक विन्यास नहीं बदलता है। C). मैग्नीशियम, उत्कृष्ट गैस के समान स्थायी इलेक्ट्रॉनिक विन्यास प्राप्त करने के लिए दो इलेक्ट्रॉनों का त्याग करता है। D). मैग्नीशियम अपने आवेश को संतुलित करने के लिए एक इलेक्ट्रॉन ग्रहण करता है।

Correct Answer: C

Q.53 एक विद्यार्थी कैंपिंग ट्रिप पर देखता है कि वास्तविक सूर्यास्त होने के बाद भी लगभग 2 मिनट तक सूर्य उसे दिखाई देता है। कौन-सी संकल्पना, इस अवलोकन की सर्वोत्तम व्याख्या करती है?

Ans A). वायुमंडलीय अपवर्तन इस विलंबित सूर्यास्त का कारण है। B). चंद्रमा का परावर्तन इस विलंबित सूर्यास्त का कारण है। C). सूर्य के प्रकाश का प्रकीर्णन इस विलंबित सूर्यास्त का कारण है। D). सूर्य की आभासी आकृति इस विलंबित सूर्यास्त का कारण है।

Correct Answer: A

Q.54 एक बस अपरिवर्ती चाल से गतिमान है, जिसे दूरी-समय ग्राफ पर एक सीधी रेखा द्वारा दर्शाया गया है जो 0 s पर 0 m से शुरू होकर 15 s पर 90 m तक जाती है। बस की चाल कितनी है?

Ans A). 4 m/s B). 12 m/s C). 9 m/s D). 6 m/s

Correct Answer: D

Q.55 एक छात्र किसी धारावाही सीधे चालक के चारों ओर लौहचूर्ण द्वारा बने पैटर्न का अवलोकन करता है। चूर्ण का विन्यास चुंबकीय क्षेत्र के एक गुणधर्म को दर्शाता है। उनके पैटर्न द्वारा कौन-सी विशेषता प्रदर्शित होती है?

Ans A). सिरों पर यादृच्छिक गुच्छे B). चालक के चारों ओर रेखाओं की वृत्तीय सममिति C). तार से त्रिज्य रेखाएँ D). तार के अनुदिश समांतर रेखाएँ

Correct Answer: B

Q.56 थायरॉक्सिन हार्मोन संश्लेषित करने के लिए थायरॉइड ग्रंथि को निम्नलिखित में से किस पोषक तत्व की अनिवार्य आवश्यकता होती है?

Ans A). आयरन B). कैल्शियम C). आयोडीन D). सोडियम

Correct Answer: C

Q.57 निम्नलिखित में से कौन-सी प्रक्रिया, जंतुओं को उनके शरीर में प्रोटीन निर्माण के लिए आवश्यक नाइट्रोजन प्राप्त करने में सक्षम बनाती है?

Ans A). नाइट्रोजन यौगिकों वाले पादप या जंतु पदार्थों का उपभोग B). अपनी कोशिकाओं के अंदर वायुमंडलीय नाइट्रोजन को अमोनिया में बदलना C). प्रत्यक्ष रूप से वायुमंडल से नाइट्रोजन गैस का अवशोषण D). प्रोटीन संश्लेषण के लिए केवल पेयजल ही पर्याप्त है

Correct Answer: A

Q.58 एक तत्व 'X' का परमाणु क्रमांक 12 है, वह तत्व _____ की संयोजकता दिखाएगा।

Ans A). - 2 B). - 6 C). + 2 D). + 6

Correct Answer: C

Q.59 जाति को कुल की तुलना में अधिक विशिष्ट वर्गीकरण श्रेणी क्यों माना जाता है?

Ans A). एक जाति में जीवों के कई कुल शामिल होते हैं। B). एक कुल में केवल एक ही जाति के जीव होते हैं। C). जाति, कुल की तुलना में एक व्यापक श्रेणी है। D). एक जाति के जीव, एक कुल के जीवों की तुलना में अधिक समान होते हैं।

Correct Answer: D

Q.60 लवण और अमोनियम क्लोराइड के मिश्रण को पृथक करने के लिए कौन-सी विधि सर्वाधिक उपयुक्त है?

Ans A). आसवन B). ऊर्ध्वपातन C). निस्यंदन D). वाष्पन

Correct Answer: B

Q.61 प्रकाश की एक किरण का वायु से कांच में प्रवेश करने के दौरान आपतन कोण 45 डिग्री है और अपवर्तन कोण 30 डिग्री है। वायु के सापेक्ष कांच के अपवर्तनांक का सन्निकट मान (दो दशमलव स्थानों तक) ज्ञात कीजिए।

Ans A). 1.25 B). 0.68 C). 1.15 D). 1.41

Correct Answer: D

Q.62 निम्नलिखित में से कौन-सा, एक वलय संरचना वाले यौगिक का एक उदाहरण है?

Ans A). मेथेन (Methane) B). ब्यूटेन (Butane) C). प्रोपेन (Propane) D). साइक्लोहेक्सेन (Cyclohexane)

Correct Answer: D

Q.63 गर्भावस्था के दौरान मातृ स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा अभ्यास नहीं करना चाहिए?

Ans A). नियमित रूप से ऐल्कोहॉल का सेवन करना B). प्रसव-पूर्व कक्षाओं में भाग लेना C). पर्याप्त नींद लेना D). निर्धारित संपूरक आहार लेना

Correct Answer: A

Q.64 किसी तरंग को अनुदैर्ध्य के रूप में वर्गीकृत करने के लिए कौन-सा अभिलक्षण आवश्यक है?

Ans A). कणों का दोलन, वृत्तीय पथ में होना चाहिए B). कणों का दोलन, तरंग गमन की समान दिशा में होना चाहिए C). कणों का दोलन, यादृच्छिक दिशाओं में होना चाहिए D). कणों का दोलन, तरंग दिशा के समकोण पर होना चाहिए

Correct Answer: B

Q.65 निम्नलिखित में से कौन-सा, भौतिक परिवर्तन का एक उदाहरण है?

Ans A). लोहे में जंग लगना B). चावल का पाककर्म C). बर्फ का पिघलना D). कागज का ज्वलन

Correct Answer: C

Q.66 एक शेविंग मिरर (shaving mirror) के रूप में किसी अवतल दर्पण का उपयोग करते समय, स्पष्ट, सीधा और आवर्धित प्रतिबिंब देखने के लिए चेहरे की स्थिति क्या होनी चाहिए?

Ans A). ध्रुव और फोकस के बीच B). वक्रता केंद्र पर C). वक्रता केंद्र से परे D). फोकस पर

Correct Answer: A

Q.67 हाइड्रोकार्बन के अपूर्ण दहन से ऊर्जा दक्षता क्यों कम हो जाती है?

Ans A). प्रति मोल ईंधन से अधिक ऊर्जा मुक्त होती है B). प्रति मोल ईंधन से कम ऊर्जा मुक्त होती है C). अधिक कार्बन डाइऑक्साइड का निर्माण होता है D). उत्पाद के रूप में केवल जल का उत्पादन होता है

Correct Answer: B

Q.68 किसी मनुष्य द्वारा सुने जाने पर ध्वनि तरंग का आयाम मुख्य रूप से किस पर प्रभाव डालता है?

Ans A). ध्वनि की प्रबलता B). ध्वनि का तारत्व C). ध्वनि की गुणवत्ता D). ध्वनि की ध्वनि-गुणता

Correct Answer: A

Q.69 एक किसान देखता है कि धान्य फसल बड़ी संख्या में बहुत छोटे, हल्के परागकणों का उत्पादन करती है, और उसके पुष्पों में लंबे, पंख जैसे वर्तिकाग्र हैं। निम्नलिखित में से किसकी, परागणकारी होने की सबसे अधिक संभावना है?

Ans A). वायु B). पक्षी C). जल D). तितली

Correct Answer: A

Q.70 ओम के नियम को सत्यापित करने के लिए एक प्रयोग को डिजाइन करते समय, कोई विद्यार्थी एक प्रतिरोधक, एक ऐमीटर और एक वोल्टमीटर का उपयोग करता है। निम्नलिखित में से कौन-सा चरण यह सुनिश्चित करने के लिए अनिवार्य है कि आंकड़े, प्रतिरोधक के लिए ओम के नियम का समर्थन करें?

Ans A). मापन के दौरान प्रतिरोधक को विभिन्न पदार्थों द्वारा प्रतिस्थापित करना B). अनुप्रयुक्त वोल्टता को परिवर्तित करना और प्रत्येक चरण पर परिणामी विद्युत धारा को रिकॉर्ड करना C). विद्युत धारा को मापते समय वोल्टता को अपरिवर्ती रखना D). एक नियत वोल्टता पर केवल प्रतिरोधक में क्षयित होने वाली शक्ति को मापना

Correct Answer: B

Q.71 जैविक वर्गीकरण पदानुक्रम की तुलना प्रायः घर के पते की पद्धति से की जाती है क्योंकि _____ ।

Ans A). वर्गीकरण का उपयोग स्थानों को खोजने के लिए किया जाता है, न कि जीवों की पहचान करने के लिए B). दोनों ही एक बड़े समूह के भीतर सटीक और विशिष्ट पहचान की सुविधा देते हैं C). वर्गीकरण में घर के पते की तरह ही अंकों और अक्षरों का उपयोग किया जाता है D). वैज्ञानिक मुख्य रूप से जीवों के नाम याद रखने के लिए वर्गीकरण का उपयोग करते हैं

Correct Answer: B

Q.72 फ्लोएम के माध्यम से खाद्य के संचलन की प्रक्रिया को _____ कहा जाता है।

Ans A). वाष्पोत्सर्जन (Transpiration) B). विसरण (Diffusion) C). स्थानांतरण (Translocation) D). अवशोषण (Absorption)

Correct Answer: C

Q.73 पौधों के _____ संवहनी ऊतक में चालनी नलिका अवयव नामक विशिष्ट कोशिकाएँ होती हैं और _____ उनका प्राथमिक कार्य होता है।

Ans A). ज़ाइलम; जल और खनिजों का परिवहन B). ज़ाइलम; जैव पोषक तत्वों का परिवहन C). फ्लोएम; पत्तियों तक ऑक्सीजन का परिवहन D). फ्लोएम; स्थानांतरण के माध्यम से खाद्य पदार्थों का परिवहन

Correct Answer: D

Q.74 किसी परमाणु के परमाण्विक द्रव्यमान में कौन-सा कण महत्वपूर्ण योगदान नहीं देता है?

Ans A). प्रोटॉन, न्यूट्रॉन और इलेक्ट्रॉन समान रूप से योगदान देते हैं B). इलेक्ट्रॉन C). प्रोटॉन D). न्यूट्रॉन

Correct Answer: B

Q.75 यदि वायुमंडल में संघनन प्रक्रम पर्याप्त रूप से मंद हो जाता है तो जल चक्र किस प्रकार प्रभावित होगा?

Ans A). मेघ बार-बार बनेंगे, जिससे वर्षण में वृद्धि होगी B). महासागरों से वाष्पीकरण में तीव्रता से वृद्धि होगी C). मेघ रचना में कमी आएगी, जिससे वर्षण कम होगा D). भूजल अंतःस्यंदन में तीव्रता से वृद्धि होगी

Correct Answer: C

Q.76 सौर-संचालित कैलकुलेटर में, सूर्य के प्रकाश से कैलकुलेशन डिस्प्ले तक ऊर्जा के रूपांतरण को कौन-सा अनुक्रम सर्वोत्तम रूप से दर्शाता है?

Ans A). ऊष्मीय ऊर्जा से ध्वनि ऊर्जा से प्रकाश ऊर्जा B). विद्युत ऊर्जा से ऊष्मीय ऊर्जा से प्रकाश ऊर्जा C). रासायनिक ऊर्जा से यांत्रिक ऊर्जा से विद्युत ऊर्जा D). प्रकाश ऊर्जा से विद्युत ऊर्जा से यांत्रिक ऊर्जा

Correct Answer: D

Q.77 यदि किसी वस्तु का द्रव्यमान स्थिर रहता है और उसका त्वरण दोगुना हो जाता है, तो आवश्यक बल पर क्या प्रभाव होगा?

Ans A). बल चार गुना हो जाएगा B). बल आधा हो जाएगा C). बल समान रहेगा D). बल दोगुना हो जाएगा

Correct Answer: D

Q.78 कॉपर सल्फेट के विलयन से इसके शुद्ध क्रिस्टलों को प्राप्त करने के लिए कौन-सी विधि सर्वाधिक उपयुक्त है?

Ans A). निस्यंदन B). आसवन C). क्रिस्टलीकरण D). ऊर्ध्वपातन

Correct Answer: C

Q.79 जब फेरों की संख्या बढ़ाकर n कर दी जाए, तो धारा का मान समान मानते हुए वृत्ताकार कुंडली के केंद्र पर चुंबकीय क्षेत्र में क्या परिवर्तन होगा?

Ans A). चुंबकीय क्षेत्र समान रहता है B). चुंबकीय क्षेत्र दुर्बल हो जाता है C). चुंबकीय क्षेत्र n गुना बढ़ जाता है D). चुंबकीय क्षेत्र n^2 गुना प्रबल हो जाता है

Correct Answer: C

Q.80 क्षैतिज पृष्ठ पर गतिमान एक ब्लॉक को विपरीत दिशा में 15 N के घर्षण बल का अनुभव होता है। यदि ब्लॉक का विस्थापन 5 m है, तो घर्षण बल द्वारा किया गया कार्य कितना होगा?

Ans A). - 7.5 J B). + 7.5 J C). + 75 J D). - 75 J

Correct Answer: D

Q.81 परमाणुओं का कौन-सा युग्म, समस्थानिकों का एक उदाहरण है?

Ans A). एक परमाणु जिसमें 12 प्रोटॉन और 12 न्यूट्रॉन हैं, और एक परमाणु जिसमें 11 प्रोटॉन और 13 न्यूट्रॉन हैं

B). एक परमाणु जिसमें 11 प्रोटॉन और 12 न्यूट्रॉन हैं, और एक परमाणु जिसमें 11 प्रोटॉन और 12 न्यूट्रॉन हैं

C). एक परमाणु जिसमें 11 प्रोटॉन और 12 न्यूट्रॉन हैं, और एक परमाणु जिसमें 12 प्रोटॉन और 12 न्यूट्रॉन हैं

D). एक परमाणु जिसमें 11 प्रोटॉन और 12 न्यूट्रॉन हैं, और एक परमाणु जिसमें 11 प्रोटॉन और 13 न्यूट्रॉन हैं

Correct Answer: D

Q.82 कोई वैज्ञानिक एक ऐसे एककोशिकीय जीव की खोज करता है जो अत्यधिक लवण में निवास करता है और जिसकी कोशिका झिल्ली के चारों ओर एक कठोर परत होती है। निम्नलिखित में से कौन-सा अभिलक्षण सर्वोत्तम रूप से दर्शाएगा, कि यह परत पादप-समान कोशिका भित्ति है?

Ans A). बाह्य परत का दोहरी लिपिड द्विपरत व्यवस्था दर्शाना B). बाह्य परत मुख्य रूप से सेलुलोस तंतुओं से निर्मित होना C). बाह्य परत में पेप्टीडोग्लाइकन संरचनाएं होना D). बाह्य परत काइटिन अणुओं से निर्मित होना

Correct Answer: B

Q.83 निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प इसका सर्वोत्तम वर्णन करता है, कि इथेनॉल का वायु में पूर्ण दहन होने पर क्या होता है?

Ans A). यह केवल कार्बन मोनोऑक्साइड और जल बनाता है। B). यह केवल कार्बन डाइऑक्साइड और जल बनाता है। C). यह केवल कार्बन और जल बनाता है। D). यह केवल कार्बन डाइऑक्साइड बनाता है।

Correct Answer: B

Q.84 एक वन्यजीव फोटोग्राफर किसी शाखा पर बैठे एक दुर्लभ पक्षी का तस्वीर लेने के लिए उत्तल लेंस वाले एक कैमरे का उपयोग करता है। पक्षी, लेंस से उसकी फोकस दूरी की दोगुनी दूरी से भी अधिक दूरी पर स्थित है, लेकिन फोटोग्राफर चाहता है कि परिणामी प्रतिबिंब, वास्तविक पक्षी के समान आकार का हो। किरण आरेख सिद्धांतों के आधार पर, फोटोग्राफर को इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सबसे प्रभावी लेंस समायोजन कौन-सा होगा?

Ans A). लेंस को इस प्रकार समायोजित करें कि पक्षी, लेंस से ठीक दोगुनी फोकस दूरी पर हो B). लेंस को फ्लिप कर दें और पक्षी को उसकी मूल स्थिति में ही रहने दें C). लेंस को और दूर ले जाएं ताकि पक्षी, दोगुनी फोकस दूरी से आगे हो D). लेंस को निकट लाएं ताकि पक्षी, फोकस दूरी और दोगुनी फोकस दूरी के बीच हो

Correct Answer: A

Q.85 निम्नलिखित में से कौन-सा, द्विपद-नाम-पद्धति का उपयोग करके हाथ से वैज्ञानिक नाम लिखने की सही विधि का वर्णन करता है?

Ans A). वंश और जाति दोनों के नाम को अलग-अलग रेखांकित (underline) करें B). वंश और जाति दोनों के नाम को तिरछे (italics) अक्षरों में लिखें C). वंश और जाति दोनों के नाम को बड़े (capital) अक्षरों में लिखें D). दोनों के नाम को छोटे (small) अक्षरों में लिखें

Correct Answer: A

Q.86 कांच के प्रिज्म के माध्यम से श्वेत प्रकाश के परिक्षेपण का विश्लेषण करते समय, किसी विद्यार्थी को आश्चर्य होता है कि स्क्रीन पर रंग, ऊपर से नीचे की ओर एक विशिष्ट क्रम में क्यों दिखाई देते हैं। अवलोकन किए गए इस अनुक्रम का मुख्य कारण क्या है?

Ans A). सभी रंग एक ही कोण से विचलित होते हैं, परंतु कांच की मोटाई के कारण अनुक्रम में निकलते हैं B). रंग अपने ऊर्जा स्तर के कारण स्वाभाविक रूप से व्यवस्थित हो जाते हैं C). कांच का प्रिज्म अपने माध्यम से केवल विशिष्ट रंगों को ही गुजरने देता है D). परिवर्ती अपवर्तनांकों के कारण प्रकाश की विभिन्न तरंगदैर्ध्य अलग-अलग कोणों पर मुड़ती हैं

Correct Answer: D

Q.87 निम्नलिखित में से कौन-सा कथन यह स्पष्ट करता है कि जैविक आवर्धन, खाद्य श्रृंखला में उच्च पोषी स्तरों वाले जीवों को किस प्रकार प्रभावित करता है?

Ans A). उच्च पोषी स्तरों पर विषालु पदार्थ अधिक तेजी से विघटित होते हैं। B). ऊर्जा, ऊष्मा के रूप में नष्ट हो जाती है, जिससे उच्च स्तरों पर विष की सांद्रता कम हो जाती है। C). प्रत्येक पोषी स्तर पर विषालु पदार्थों की मात्रा कम हो जाती है। D). जैसे-जैसे वे खाद्य श्रृंखला में ऊपर जाते हैं, विषालु पदार्थों की सांद्रता अधिक होती जाती है।

Correct Answer: D

Q.88 निम्नलिखित में से कौन-सा संयोजन, जंतुओं में पेशीय ऊतक की संरचना और कार्य का सर्वोत्तम वर्णन करता है?

Ans A). पेशीय ऊतक दीर्घित कोशिकाओं से बना होता है और शरीर के भागों के संचलन में सहायता करता है

B). पेशीय ऊतक गोल कोशिकाओं से बना होता है और वसा को संग्रहीत करने में सहायता करता है

C). पेशीय ऊतक सघन तंतुओं से बने होते हैं और अस्थियों को संयोजित करने में सहायता करते हैं

D). पेशीय ऊतक शाखित कोशिकाओं से बना होता है और संकेत प्रेषित करने में सहायता करता है

Correct Answer: A

Q.89 उदासीनीकरण अभिक्रिया में बनने वाले उत्पाद _____ हैं।

Ans A). अम्ल और लवण B). क्षार और जल C). अम्ल और क्षार D). लवण और जल

Correct Answer: D

Q.90 सक्रियता श्रेणी में, शीर्ष पर स्थित सोडियम और ऐल्युमिनियम जैसी धातुओं का निष्कर्षण किस प्रकार किया जाता है?

Ans A). ये धातुएँ बिना किसी निष्कर्षण के अपने मूल रूप में पाई जाती हैं B). उनके ऑक्साइड को कार्बन के साथ गर्म करके C). गलित लवणों का विद्युत् अपघटनी अपचयन करके D). भर्जन के बाद कार्बन मोनोऑक्साइड के साथ अपचयन करके

Correct Answer: C

Section : **General Awareness**

Q.91 एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह द्वारा जून 2026 में विमोचित, 'द सेकंड ऑर्बिट: बिलीफ़ ऑफ़ अ मैन... ड्रीम्स ऑफ़ 1.4 बिलियन हार्ट्स (The Second Orbit: Belief of a Man... Dreams of 1.4 Billion Hearts)' संस्मरण के लेखक कौन हैं?

Ans A). अमर प्रीत सिंह B). अंगद प्रताप C). राकेश शर्मा D). शुभांशु शुक्ला

Correct Answer: D

Q.92 मई 2026 में, किस संगठन ने साइबर-सक्षम वित्तीय धोखाधड़ियों से निपटने और म्यूल खातों (mule accounts) पर लगाम लगाने के लिए सहयोग को मजबूत करने के उद्देश्य से रिजर्व बैंक इनोवेशन हब (RBIH) के साथ एक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए?

Ans A). नेशनल क्रिटिकल इन्फॉर्मेशन इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोटेक्शन सेंटर (NCIIPC) B). साइबर स्वच्छता केंद्र (CSK) C). भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (I4C) D). इंडियन कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पॉन्स टीम (CERT-In)

Correct Answer: C

Q.93 भारतीय एथलेटिक्स महासंघ द्वारा आयोजित पहले इंडियन एथलेटिक्स अवार्ड्स 2026 में, शाहनवाज खान और पूजा को किस श्रेणी में सम्मानित किया गया?

Ans A). भारतीय एथलेटिक्स के उभरते सितारे (Rising Stars of Indian Athletics)

B). वर्ष के सर्वश्रेष्ठ पुरुष और महिला एथलीट (Best Male and Female Athletes of the Year)

C). सर्वश्रेष्ठ जूनियर पुरुष और महिला एथलीट (Best Junior Male and Female Athletes)

D). सर्वश्रेष्ठ उभरते पुरुष और महिला एथलीट (Best Emerging Male and Female Athletes)

Correct Answer: D

Q.94 निम्नलिखित में से किस मंत्रालय ने दिसंबर 2025 में 100-दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत अभियान शुरू किया?

Ans A). स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय B). महिला और बाल विकास मंत्रालय C). सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय D). गृह मंत्रालय

Correct Answer: B

Q.95 वर्ष 2026 में, भारत-मिस्र संयुक्त विशेष बल अभ्यास साइक्लोन-IV (Cyclone - IV) को निम्नलिखित में से किस स्थान पर आयोजित किया गया था?

Ans A). अबू धाबी, यूएई (Abu Dhabi, UAE) B). पोखरण, भारत (Pokhran, India) C). जैसलमेर, भारत (Jaisalmer, India) D). अंशास, मिस्र (Anshas, Egypt)

Correct Answer: D

Q.96 जून 2026 में मौद्रिक नीति समिति ने रेपो दर के संबंध में क्या कदम उठाया?

Ans A). उन्होंने रेपो दर को 6.0% निर्धारित किया B). उन्होंने रेपो दर को बढ़ाकर 5.5% कर दिया C). उन्होंने रेपो दर को 0.25% कम किया D). उन्होंने रेपो दर को 5.25% पर अपरिवर्तित रखा

Correct Answer: D

Q.97 जून 2026 में, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रक्षा सेवाओं हेतु वित्तीय शक्तियों के प्रत्यायोजन में संशोधन को मुख्य रूप से निम्नलिखित में से किस उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए अनुमोदित किया?

Ans A). सशस्त्र बलों में तेजी से खरीद और अधिक परिचालन दक्षता B). तीनों सशस्त्र सेवाओं के लिए एक साझा बजट की शुरुआत C). रक्षा मंत्रालय में सभी खरीद निर्णयों का केंद्रीकरण D). विदेशी रक्षा विनिर्माण साझेदारियों का विस्तार

Correct Answer: A

Q.98 राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस पुरस्कार (NAeG) 2026 में, "केंद्रीय मंत्रालयों/राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा डिजिटल प्लेटफार्मों में डेटा एनालिटिक्स के उपयोग के माध्यम से डिजिटल परिवर्तन" श्रेणी के अंतर्गत पंचायती राज मंत्रालय की किस पहल ने स्वर्ण पुरस्कार प्राप्त किया है?

Ans A). पंचायत उन्नति सूचकांक (Panchayat Advancement Index) B). ई-ग्राम स्वराज पोर्टल (e-GramSwaraj Portal) C). स्वामित्व योजना (SVAMITVA Scheme) D). ऑडिटऑनलाइन प्लेटफॉर्म (AuditOnline Platform)

Correct Answer: A

Q.99 अप्रैल 2026 में भारतीय सेना द्वारा संचालित किए गए, ऑपरेशन हिमसेतु (HimSetu) का उद्देश्य किस राज्य में फंसे हुए नागरिकों को बचाना था?

Ans A). हिमाचल प्रदेश B). उत्तराखंड C). सिक्किम D). अरुणाचल प्रदेश

Correct Answer: C

Q.100 सितंबर 2025 में, PM मोदी ने 75 लाख महिलाओं को 7,500 करोड़ रुपये अंतरित करने के लिए निम्नलिखित में से किस राज्य हेतु 'मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना' का शुभारंभ किया था?

Ans A). उत्तर प्रदेश B). राजस्थान C). बिहार D). मध्य प्रदेश

Correct Answer: C

"